हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 जमीन के टुकड़ों के आगे फीके पड़े रिश्ते पिता-भाई पर लाठी-डंडों से किया...



07 श्योपुर में किसानों ने घेरा कलेक्ट्रेट बड़ौदा में जनता बैठी धरने पर



खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने बैठक आज

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में छूटे हुए एवं नए युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के संबंध में 9 अक्टूबर को अपरान्ह 05 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

एक आदतन अपराधी को किया गया जिला बदर

सागर। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को दृष्टिगत रखते हुए एक आदतन अपराधी को 8 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कमलेश पिता मंजू कुर्मी उम्र 53 साल नि. ग्राम जूना थाना रहली जिला-सागर को 8 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। यदि अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेगा। परंतु इसके पूर्व अनावेदक को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दंडाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

केसली में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन आज

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय हेतु 9 अक्टूबर को जनपद पंचायत केसली स्थित कृषि उपज मंडी केसली में प्रातः 10:30 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी मौजूद रहेंगे और प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। नागरिक अपनी शिकायतें व सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

डॉ.आंबेडकर और बौद्ध धर्म (बुद्धिज्म) " विषय पर संगोष्ठी आयोजित

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के डॉ. आंबेडकर चेयर द्वारा "डॉ. बी.आर. आंबेडकर और बौद्ध धर्म (बुद्धिज्म)" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. आंबेडकर चेयर के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित हुआ। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. मनोहर चौरसिया, चेयरमैन एवं संस्थापक जिज्ञासा लाइब्रेरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रहे। उन्होंने डॉ. आंबेडकर के बौद्ध धर्म से जुड़ाव और उनके विचारों में बुद्ध के दर्शन के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बुद्ध के विचारों में निहित करुणा, प्रज्ञा, समानता और मानव कल्याण के मूल्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राजेश गौतम, चेयर प्रो. प्रभारी, डॉ. आंबेडकर चेयर विभाग ने की। उन्होंने डॉ. आंबेडकर के बौद्ध धर्म संबंधी विचारों को सामाजिक एवं मानवीय दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा उनके चिंतन में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक डॉ. देवेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक, डॉ. आंबेडकर चेयर विभाग रहे। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया तथा "डॉ. बी.आर. आंबेडकर और बौद्ध धर्म (बुद्धिज्म)" विषय की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखते हुए संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। उनके संयोजन में कार्यक्रम व्यवस्थित एवं सार्थक रूप से संपन्न हुआ।

एलपीजी गैस किट से बच्चों को ढो रही मारुति वैन जब्त

सागर में स्कूल वाहनों की सघन चेकिंग में खुली लापरवाही की पोल, तीन ई-रिक्शा भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने गुरुवार को देवरी में स्कूल बसों और मारुति वैन की सघन चेकिंग कार्रवाई की। जांच के दौरान रॉयल पब्लिक स्कूल के बच्चों को लाने-ले जाने में लगी मारुति वैन क्रमांक एमपी 15 बीए 2623 एलपीजी गैस किट से संचालित मिली। वाहन के कोई दस्तावेज भी चालक मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। परिवहन विभाग ने वैन को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय परिसर में खड़ा कराया है। वाहन के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है ।

डिक्की में गैस किट, ऊपर लगा रखी थी बच्चों की सीट

जांच के दौरान अधिकारियों ने जब वैन की पिछली डिक्की खोली तो उसमें एलपीजी गैस किट लगी मिली। इसी गैस किट के ऊपर बच्चों के बैठने के लिए सीट लगाई गई थी। यानी वाहन में बच्चों को बैठाकर एलपीजी गैस से उसका संचालन किया जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार मध्यप्रदेश राजपत्र में शैक्षणिक वाहनों का एलपीजी ईंधन से संचालन प्रतिबंधित है। इसके बावजूद वाहन का इस्तेमाल स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने में किया जा रहा था।

जांच में यह भी सामने आया कि उक्त वैन परिवहन कार्यालय में प्राइवेट श्रेणी में पंजीकृत है, जबकि इसका उपयोग अनधिकृत रूप से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने में किया जा रहा था। इसे मोटरयान अधिनियम की धारा 39 का उल्लंघन मानते हुए धारा 207 के तहत वाहन जब्त किया गया।

चेकिंग के दौरान शहरी क्षेत्र में बिना चालक लाइसेंस, ओवर स्पीड, बिना पंजीयन और बिना बीमा के संचालित हो रहे तीन ई-रिक्शा भी जब्त किए गए। सभी वाहनों को परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ रखा गया है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि लगातार चेकिंग के बावजूद कुछ वाहन संचालक एलपीजी किट लगाकर स्कूल वाहनों का संचालन कर रहे हैं। यह बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को एलपीजी गैस किट से चलने वाले अथवा अनफिट वाहनों से स्कूल न भेजें।

स्कूल बस संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। बसों में स्पीड गवर्नर, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, मोटरयान कर भुगतान प्रमाण, अनिवार्य रूप से रखें। चालक के पास हैवी लाइसेंस और निर्धारित गणवेश होना चाहिए। बस में निर्धारित बैठक क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाया जाए। जांच में कमी मिलने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सागर में जारी अग्निवीर भर्ती रैली का आठवां दिन, 523 अभ्यर्थी अगले चरण हेतु चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर (मध्यप्रदेश) में आयोजित की जा रही वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के आठवें दिन अभ्यर्थियों में भारी उत्साह और अनुशासन देखा गया। 01 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस भर्ती प्रक्रिया में युवा पूरी लगन और देशभक्ति के जज्बे के साथ हिस्सा ले रहे हैं। रैली के आठवें दिन कुल 781 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी शारीरिक परीक्षा और प्रतिस्पर्धा के उपरांत 523 उम्मीदवारों ने दौड़ में सफलता हासिल कर (सफलता प्रतिशत 66.96%) अगले चरण में प्रवेश किया।

सागर अग्निवीर भर्ती रैली में आए अभ्यर्थियों के लिए होटल पैराडाइज के पीछे शिव पार्वती मैरिज गार्डन में ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई है। सागर जिला प्रशासन और सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारू एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराई जा रही है।

सेना भर्ती कार्यालय की महत्त्वपूर्ण अपील

भारतीय सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। भर्ती में किसी भी प्रकार की दलाली या अनुचित साधनों का कोई स्थान नहीं है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या दलाल के बहकावे में न आएं।

कचरा गाड़ी के नाम पर रुपए मांगने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शिवाजी नगर, तिली, बाघराज, काकागंज, पंतनगर, लक्ष्मीपुरा एवं केशवगंज वार्डों में अज्ञात व्यक्ति द्वारा कचरा गाड़ी के नाम पर रुपए मांगने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में कचरा संग्रहण व्यवस्था के नाम पर यदि कोई अज्ञात व्यक्ति नागरिकों से राशि की मांग करता है तो नागरिक किसी भी प्रकार की राशि उसे न दें और तत्काल इसकी सूचना नगर निगम द्वारा जारी मोबाइल नंबरों पर दें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे व्यक्तियों के संबंध में जानकारी मिलने पर 9111016108, 9111016104 एवं 9111016153 पर संपर्क कर सूचना दें, ताकि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कचरा गाड़ी प्रबंधक फिरोज खान ने बताया कि कचरा गाड़ी के नाम पर रुपए की मांग करने वाला उक्त अज्ञात व्यक्ति सागर एम.एस.डब्ल्यू. सॉल्यूशंस प्रा. लि. में किसी भी पद पर कार्यरत नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि कंपनी या कचरा संग्रहण व्यवस्था के नाम पर किसी अनधिकृत व्यक्ति को राशि नहीं दें तथा यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की मांग करता है तो तत्काल नगर निगम को सूचना दें। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि शहर में कचरा संग्रहण व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अवैध राशि की मांग की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि नागरिकों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

टीबी मुक्त अभियान के तहत जोश टीम का शुभारंभ

सागर। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर कार्यालय में सागर विधायक शैलेंद्र जैन की उपस्थिति में 'जोश' टीम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर जोश टीम के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि टीबी कोई असाध्य रोग नहीं है। सही समय पर जांच, पूरा और नियमित इलाज तथा बेहतर देखभाल से टीबी मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी की जांच सुविधा अब विकासखंड स्तर तक उपलब्ध है, इसलिए लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना जरूरी है। मरीज इलाज को बीच में न छोड़ें, उन्हें प्रोटीनयुक्त पोषण मिले और परिवार में सकारात्मक माहौल बनाए रखा जाए, जिससे मरीज जल्द स्वस्थ हो सके। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को निःशुल्क दवाई, देखभाल और सहायता राशि भी प्रदान की जा रही है।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का पैदल मार्च, रस्सी से बांधकर ले गए प्रतीकात्मक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवानगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से सदर मुहाल स्थित शास्त्री चौक तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर शामिल हुए और चुनाव आयोग तथा केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता ज्ञानेश कुमार के प्रतीकात्मक पुतले को रस्सी से बांधकर जुलूस में ले गए। शास्त्री चौक पर पहुंचकर प्रधानमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त के छाया चित्रों वाले पोस्टर जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष बताते हुए दिवस को 'काला दिवस' बताया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की गाड़ियां और वाटर कैनन भी मौके पर मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री के समान ही नेता प्रतिपक्ष का भी संवैधानिक सम्मान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने राजनीतिक विरोध की आवाज को दबाने के लिए सीमाएं पार कर दी हैं। जाटव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सांसद जब चुनाव आयोग से जवाबदेही मांगने जा रहे थे, तब उनके साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सांसदों पर कार्रवाई संविधान पर हमला है। जाटव ने दावा किया कि राहुल गांधी के खिलाफ अब तक 45 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन स्थल पर जैमर लगाए गए, जिससे आपसी संपर्क बाधित हुआ। कांग्रेस की मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाया जाए।

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अमित रामजी दुबे ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने सागर में अवैध शराब, जुआ और सट्टे पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा भी उठाया।

कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने किया, जबकि आभार शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. किरण लता सोनी ने माना।



राहुल-प्रियंका की हिरासत के विरोध में कांग्रेस ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

गढ़ाकोटा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की हिरासत के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता बजाजी मैदान से नारेबाजी करते हुए मुख्य बस स्टैंड पहुंचे, जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाने का प्रयास किया गया।पुलिस ने पहला पुतला छीन लिया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता दूसरा पुतला लेकर पहुंचे और उसका दहन कर दिया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इसके बाद तीसरे पुतले को लेकर भी पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान हुई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश साहू ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों को जनता के मुद्दे उठाने और संवैधानिक संस्थाओं से सवाल करने का अधिकार है। कांग्रेस लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जानकी चौधरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी कोरी, किशन नायक, महेंद्र सगोनिया, सोनू खान, शेख मजीद खान, राजकुमार कोरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इधर खाद की लंबी लाइनें, उधर गोदामों में मिल रहा अवैध भंडारण

कृषि, राजस्व और पुलिस संयुक्त कार्रवाई में 665 बोरी यूरिया सहित टीएसपी और एनपी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ



रवि सीजन की तैयारी के दौरान खाद किल्लत और वितरण केन्द्रों पर लंबी लंबी लाइनों में किसानों की जद्दोजहद के बीच कृषि, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने किसानों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई कर एक उर्वरक विक्रेता की गोदाम से अवैध रूप से भंडारित 665 बोरी यूरिया, 7 बोरी टीएसपी तथा 8 बोरी एनपीके खाद बरामद किया है। अधिकारियों द्वारा मामले में पंचनामा कार्रवाई के बाद भंडारित खाद के गोदाम को सील कर प्रकरण तैयार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद की समस्या का सामना कर रहे किसानों द्वारा अधिकारियों से शिकायत की गई थी कि चिरचिटा-देगुवा रोड स्थित एक किराये के मकान में खाद का अवैध भंडारण कर उसका विक्रय किया जा रहा है। शिकायत के बाद कृषि विभाग की टीम राजस्व अधिकारियों और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और मकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मकान मालिक ने बताया कि उन्होंने मकान किराए पर दिया है और उन्हें मकान में खाद का भंडारण किए जाने की जानकारी नहीं थी। मकान हर्षित जैन को किराए पर दिया गया था। मौके पर हर्षित जैन की मौजूदगी में मकान का ताला खुलवाकर टीम ने अंदर रखे उर्वरक की जांच की।

गोदाम में मिला खाद का अवैध भंडारण

अधिकारियों को जांच कार्रवाई में मकान के अंदर कोरमंडल इंटरनेशनल कंपनी की 665 बोरी यूरिया, प्रत्येक बोरी 45 किलोग्राम, आईपीएल कंपनी की 7 बोरी टीएसपी तथा कोरमंडल इंटरनेशनल कंपनी की 8 बोरी एनपीके का भंडारण पाया गया। टीम ने मौके से यूरिया, टीएसपी और एनपीके के नमूने भी लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा।

तय स्थान से पृथक किया रहा खाद का भंडारण

जांच में सामने आया कि हर्षित जैन के उर्वरक लाइसेंस के साथ संलग्न नक्शे में जिस स्थान को भंडारण के लिए दर्शाया गया है, उसके अलावा दूसरे स्थान पर खाद रखी गई थी। पूछताछ में प्रोपराइटर हर्षित जैन ने बताया कि खाद की मात्रा अधिक होने के कारण अतिरिक्त खाद को दूसरे स्थान पर रखा गया था। यह इस प्रकार का पहला मामला नही है इससे पूर्व भी कृषि विभाग द्वारा कृषक की शिकायत पर अनयत्र भंडारित किये गये खाद की जब्ती की कार्रवाई की गई थी। परंतु इसके बाद भी ऐसी घटना सामने आई है जो विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

क्या कहते है अधिकारी

कार्रवाई के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि मौके पर रखे यूरिया को फिलहाल सील कर दिया गया है। संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया जाएगा और दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि मौके से उर्वरक के नमूने भी लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा।

कृषि विभाग के अनुसार उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत लाइसेंस में सत्यापित एवं निर्धारित स्थान के अलावा अन्य स्थान पर उर्वरक का भंडारण करना नियमों का उल्लंघन है। इसी के तहत मौके पर भंडारित उर्वरक को सील करने की कार्रवाई की गई। विभाग की कार्रवाई के बाद अब संबंधित उर्वरक के दस्तावेज, लाइसेंस एवं नमूनों की जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



शिक्षा में एआई के प्रयोग पर रखे तर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, गढ़ाकोटा में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत डिजिटल पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "2047 में शिक्षा की परिकल्पना" तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय "शिक्षा में एआई का प्रयोग" रखा गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन, डिजिटल कौशल, अभिव्यक्ति क्षमता, नवाचार की भावना तथा भविष्य की शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने कहा कि आधुनिक तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसके साथ जुड़ी चुनौतियों को समझना भी आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री आकृति खरे रहीं। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता में योगिता रैकवार (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रथम, राजा मिश्रा (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा मोहित कुर्मी (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "शिक्षा में AI का प्रयोग" विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। पक्ष में राजा मिश्रा ने प्रथम, लक्ष्मी कुर्मी ने द्वितीय तथा मोहित कुर्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विपक्ष में दुर्गेश अहिरवार ने प्रथम तथा सुहानी लोधी ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम में शिम्पी मौर्य, भावना कबीरपंथी, चंद्र प्रताप मरकाम, रश्मि कुर्मी, डॉ. सिकंदर डुलगच, डॉ. कृष्णा बागड़े, राजीव दुबे एवं ममता अहिरवार सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बंटवारे के विवाद में पिता और भाई से मारपीट, गंभीर रूप से घायल भाई सागर रेफर

जमीन के टुकड़ों के आगे फीके पड़े रिश्ते पिता-भाई पर लाठी-डंडों से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जमीन-जायदाद के बंटवारे को लेकर परिवारों के बीच बढ़ते विवाद अब रिश्तों की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करने लगे हैं। ग्राम पंचायत मवई में जमीन के बंटवारे को लेकर ऐसा ही एक पारिवारिक विवाद सामने आया है, जहां आरोप है कि जमीन संबंधी विवाद ने पिता-पुत्र और भाइयों के रिश्ते को ही हिंसक टकराव में बदल दिया। हरिश्चंद्र लोधी ने बेटे बलदाऊ लोधी के साथ मिलकर अपने ही पिता रमुआ लोधी तथा भाई बेदी लोधी पर हमला कर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में बेदी लोधी को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए सागर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम रायपुर निवासी रमुआ लोधी अपने पुत्र बेदी लोधी और बहू गैंदा लोधी के साथ बाजार करने के लिए मवई आए थे। इसी दौरान मवई कलारी के सामने जमीन के बंटवारे को लेकर उनका हरिश्चंद्र लोधी से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और आरोप है कि हरिश्चंद्र लोधी तथा उसके पुत्र बलदाऊ लोधी ने लाठी-डंडों से रमुआ लोधी और बेदी लोधी पर हमला कर दिया। अचानक हुई मारपीट से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। हमले में बेदी लोधी के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सागर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों की ओर से पुलिस को आवेदन दिया गया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घायल बेदी लोधी के बयान अभी दर्ज होना बाकी हैं। घायल के बयान तथा घटनाक्रम से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मामले की आगे जांच की जा रही है। जमीन के बंटवारे जैसे पारिवारिक मुद्दे को लेकर हुई इस मारपीट ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जमीन-जायदाद के सामने अपने ही रिश्ते कितने कमजोर पड़ते जा रहे हैं। जिस परिवार में खून के रिश्तों की मजबूती और आपसी समझ विवादों को रोकने का आधार होनी चाहिए, वहीं संपत्ति के विवाद हिंसा तक पहुंच रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका स्पष्ट होगी ।

गर्भवती महिलाओं और 22 किशोरियों का भी हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

सेवा संकल्प के तहत मालपीथा में स्वास्थ्य शिविर, 75 मरीजों को निःशुल्क दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले की मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मालपीथा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। शिविर में शुगर, बीपी, वजन और रक्त सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं। शिविर में डॉ. धर्मेंद्र कुशवाहा एवं डॉ. रश्मि झां द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक दवाएं लेने की सलाह दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। एएनएम संध्या चतुर्वेदी ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को खान-पान एवं स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श देते हुए आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोलियां वितरित की गईं। इसके अलावा 22 किशोरी बालिकाओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में सीएचओ मोनिका मकवाना द्वारा 75 मरीजों को आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। वहीं सेक्टर सुपरवाइजर रामस्वरूप चतुर्वेदी ने 46 लोगों को नशामुक्ति के संबंध में परामर्श एवं आवश्यक सलाह दी। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर उपचार लेने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में डॉ. धर्मेंद्र कुशवाहा, डॉ. रश्मि झां, सेक्टर सुपरवाइजर रामस्वरूप चतुर्वेदी, एएनएम संध्या चतुर्वेदी, सीएचओ मोनिका मकवाना, आशा पर्यवेक्षक राम कुंवर यादव सहित आशा कार्यकर्ता सुमन यादव, नीलम यादव, रानी वंशकार, प्रीति कुशवाहा, रामदेवी लोधी और सखी लोधी का विशेष योगदान रहा। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें मौके पर ही जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

मताधिकार की रक्षा व निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग में पारदर्शिता जरूरी

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पलेरा थाना तिराहा पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई और लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

चुनाव आयोग पर लगाए आरोप

प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे भारत में करीब 13 करोड़ लोगों के मताधिकार को प्रभावित किया गया है, जो निंदनीय है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की भी मांग की। रामकुमार यादव ने कहा कि संविधान ने प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है और इस अधिकार की रक्षा करना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा नहीं होता, तब तक समाजवादी पार्टी और देश का युवा इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज उठाता रहेगा। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने तथा मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन के दौरान मौके पर कुछ देर के लिए माहौल गरमाया रहा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, अकरम खान, सुरेश कुमार चढ़ार, चंद्रपाल सेन, हेमंत यादव, ऋषि यादव, अशोक प्रजापति सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

साइबर चक्रव्यूह भेदने पुलिस व कॉलेज छात्रों ने संभाला मोर्चा

सेवा संकल्प के तहत संयुक्त जागरूकता अभियान, डिजिटल ठगी से बचाव के बताए गुरुमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



साइबर अपराधियों के बढ़ते जाल और डिजिटल ठगी के चक्रव्यूह को भेदने के लिए अब पलेरा पुलिस और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से कमर कस ली है। सेवा संकल्प अभियान के तहत पुलिस और शासकीय महाविद्यालय पलेरा के विद्यार्थियों ने एक साथ मोर्चा संभालते हुए आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। अभियान के दौरान लोगों को समझाया गया कि डिजिटल दुनिया में बरती गई जरा सी लापरवाही उनकी जीवनभर की जमा-पूंजी पर भारी पड़ सकती है।

कार्यक्रम में पलेरा थाना पुलिस, शासकीय महाविद्यालय के प्रोफेसरों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सजग किया। पुलिस एवं विद्यार्थियों ने बताया कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाकर बैंक खातों और डिजिटल माध्यमों से रकम उड़ाने का प्रयास करते हैं। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को विशेष रूप से समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, यूपीआई पिन, पासवर्ड अथवा मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। साइबर अपराधी अक्सर बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी या अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं का कर्मचारी बनकर गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। ऐसे किसी भी कॉल से घबराने के बजाय उसकी सूचना पुलिस को देने की सलाह दी गई। पुलिस और विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और एसएमएस के माध्यम से आने वाले संदिग्ध लिंक से भी सावधान रहने की अपील की। लॉटरी, पार्ट-टाइम नौकरी, बिजली बिल अपडेट, बैंक केवाईसी सहित अन्य लुभावने ऑफर के नाम पर भेजे जाने वाले फर्जी लिंक पर क्लिक नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराने-धमकाने वाले फर्जी कॉल से भी सतर्क रहने को कहा गया।

अभियान के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराने या चुप बैठने के बजाय तत्काल कार्रवाई करना जरूरी है। यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी होती है तो बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि रकम को बचाने और अपराधियों तक पहुंचने की संभावना बढ़ सके। कार्यक्रम में पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव, प्रधान आरक्षक ग्यासी यादव सहित पुलिस थाने का समस्त स्टाफ, महाविद्यालय के प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पुलिस और विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से आमजन को यह संदेश दिया कि साइबर अपराधियों के बढ़ते चक्रव्यूह को तोड़ने का सबसे प्रभावी हथियार तकनीक के साथ-साथ जागरूकता और सतर्कता है।

जांच में खुली पोल तो कलेक्टर ने सचिव को किया निलंबित

कूटरचना कर अपात्र को बीपीएल लाभ दिलाना पड़ा भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



सरकारी योजनाओं और पात्रता आधारित सुविधाओं का लाभ अपात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए नियमों से खिलवाड़ और कूटरचना करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिले में सामने आ रहे ऐसे मामलों में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने से अब सरकारी रिकॉर्ड और पात्रता प्रक्रिया में गड़बड़ी करने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई का संदेश स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

जतारा तहसील की ग्राम पंचायत हृदयनगर में अपात्र परिवार का कथित रूप से कूटरचित तरीके से बीपीएल कार्ड बनाए जाने के मामले में जांच के बाद पंचायत सचिव पर कार्रवाई हुई है, जबकि संबंधित हल्का पटवारी के खिलाफ भी दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। मामला हृदयनगर निवासी रामदेवी पत्नी हरिकिशन अहिरवार की शिकायत से सामने आया। उन्होंने 6 सितंबर को शिकायत कर आरोप लगाया था कि शीला पत्नी मनोहरलाल श्रोतिय का बीपीएल कार्ड नियमों के विपरीत बनाया गया है। शिकायत के बाद मामले की जांच राजस्व निरीक्षक जतारा से कराई गई। जांच में सामने आया कि शीला के पति मनोहरलाल श्रोतिय के नाम हृदयनगर और पठरा में कुल 2.190 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। जांच में यह भी सामने आया कि बीपीएल पात्रता के लिए निर्धारित 52 अंकों में परिवार को वास्तविक रूप से 22 अंक प्राप्त हुए थे, जिसके आधार पर वह पात्रता की श्रेणी में नहीं आता था। आरोप है कि पंचायत सचिव परशुराम मिश्रा ने भूमि संबंधी जानकारी छिपाते हुए तहसीलदार के समक्ष कूटरचित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और परिवार को वास्तविक 22 अंकों के स्थान पर महज 10 अंक दर्शाए। इसी प्रतिवेदन के आधार पर 5 जून को परिवार का नाम बीपीएल सूची में जोड़ने का आदेश जारी हुआ।

एसडीएम जतारा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराई। जांच में तथ्य छिपाकर अनुचित लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की। कलेक्टर द्वारा 6 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत पंचायत सचिव परशुराम मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ निर्धारित किया गया है। वहीं मामले में हल्का पटवारी पुष्पेंद्र सिंह खंगार के खिलाफ भी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट किया है कि पात्रता आधारित सरकारी योजनाओं में अपात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए रिकॉर्ड में हेरफेर, तथ्यों को छिपाने या गलत प्रतिवेदन देने की शिकायतों को प्रशासन अब गंभीरता से ले रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा शिकायत सामने आने के बाद जांच कराकर जिम्मेदार कर्मचारियों पर की गई त्वरित कार्रवाई से उन लोगों में भी संदेश गया है, जो सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर पात्रता प्रक्रिया से खिलवाड़ करते हैं।

मारपीट मामले में फरार दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

टीकमगढ़। जिले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देहात थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने वर्ष 2020 के मारपीट के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को फरार स्थायी वारंटियों की पतारसी कर उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में जिलेभर में पुलिस द्वारा फरार वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन तथा देहात थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना संकलन एवं लगातार पतारसी के बाद वर्ष 2020 के मारपीट प्रकरण में न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के आधार पर ग्राम हीरानगर निवासी जानकी तिवारी एवं गंगाराम तिवारी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के संबंध में लगातार जानकारी जुटाई जा रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी की। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रजीत यादव, प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, आरक्षक मुकेश उपाध्याय, आरक्षक नीलेश ठाकुर, आरक्षक अरबाज अली, आरक्षक जितेंद्र अहिरवार एवं आरक्षक मनीष रजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



दिव्यांग सशक्तिकरण को मिला सेवा संकल्प का सहारा

सहायक उपकरण व साइकिल वितरित, सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम में विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में दिव्यांगजन सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं साइकिल वितरित कर उनके जीवन को सुगम बनाने का प्रयास किया गया। वहीं स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की सेवा और स्वास्थ्य के संकल्प को दोहराते हुए दिव्यांग सशक्तिकरण एवं टीबी मुक्त भारत अभियान से संबंधित शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए। उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों के आवागमन और दैनिक जीवन में सहूलियत मिलने की उम्मीद जताई गई। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पूर्व विधायक राकेश गिरी, भाजपा जिला महामंत्री मनोज देवलिया, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, सेवा संकल्प अभियान के जिला सह संयोजक राम गोपाल चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष एवं सेवा मेरा योगदान के जिला संयोजक विकास यादव, जिला मंत्री पुष्पा यादव, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे, प्रत्येंद्र सिंघई, जिला सह कार्यालय मंत्री संध्या सोनी, जिला संयोजक सोशल मीडिया शुभम व्यास, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, सावरकर मंडल अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, पार्षद राजीव वर्धमान, जाहिद खान, इम्तियाज खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सांदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का थाना भ्रमण, साइबर अपराध की दी जानकारी

थाने पहुंचकर विद्यार्थियों ने समझी पुलिस की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद एवं विश्वास स्थापित करने तथा विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से थाना बड़ागांव धसान में सांदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए थाना भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला और उन्हें विभिन्न कानूनों तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बड़ागांव धसान जयेन्द्र गोयल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। थाना भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को थाने में संचालित विभिन्न कार्यों और पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आम नागरिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शिकायतों के निराकरण में पुलिस की क्या भूमिका होती है।

विद्यार्थियों को वर्तमान में लागू नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने बच्चों को समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल उचित माध्यम से पुलिस अथवा संबंधित सहायता सेवा से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम में साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव को विशेष रूप से समझाया गया। विद्यार्थियों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, संदिग्ध लिंक से बचने तथा किसी अनजान व्यक्ति के साथ निजी अथवा गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम एवं नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित कानूनों की भी जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से कहा कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध साइबर गतिविधि, ऑनलाइन ठगी, छेड़छाड़, नशे से संबंधित गतिविधि अथवा अन्य असामान्य घटना की जानकारी मिलती है तो भय या संकोच के कारण उसे छिपाएं नहीं। ऐसी स्थिति में तत्काल अपने परिजनों, शिक्षकों अथवा पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थाना भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुलिस के प्रति विश्वास, सुरक्षा की भावना और कानून के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। पुलिस विभाग द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को सुरक्षित, जिम्मेदार तथा कानून के प्रति सजग नागरिक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

नहीं थम रहे सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन

श्योपुर में किसानों ने घेरा कलेक्ट्रेट बड़ौदा में जनता बैठी धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार के खिलाफ होने वाले प्रदर्शनों में कमी नहीं आ रही है। जहां सरकारी संगठन सरकार से नाराज है वही किसान और आमजन भी अपनी अपनी समस्याओं को लेकर नाराजगी प्रदर्शित कर रहै हैं। इसी क्रम में जहां जिला मुख्यालय पर किसानों ने खाद पानी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया वहीं बड़ौदा में नगर सरकार की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए जनता ने धरना दिया। भाजपा और सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प समर्पण अभियान के बीच इस तरह के प्रदर्शन चिंता का विषय जरूर बन रहे है।

जिले में यूरिया खाद की कमी की पूर्ति एवं चंबल नहर में पानी छोड़े जाने को लेकर भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा, जिसमें चंबल नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ने एवं खाद की आपूर्ति बढ़ाने की मांग प्राथमिकता से उठाई गई। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि इस समय सरसों का पलेवा हो रहा है जिससे खेतों को पानी की जरूरत बनी हुई है लेकिन चंबल नहर में पानी नहीं आने से पलेवा नहीं हो पा रहा है और इस समय खेतों को खाद की बेहद जरूरत है लेकिन मांग के अनुसार खाद की आपूर्ति नहीं हो रही है। किसानों को बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इन दोनों मांगों की सुनवाई जल्द नहीं होगी तो किसानों को मजबूर होकर सड़कों पर उतरकर तीव्र आंदोलन करना पड़ेगा इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न गांवो से आए किसान मौजूद रहे।



विधायक बोले 35 गांव में नहर के लिए होगा प्रदर्शन

विधायक बाबू जंडेल ने भी किसानों की समस्या को लेकर हुंकार भरी है। उनका एक बयान जारी हुआ है जिसमें किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर शीघ्र प्रदर्शन करने की बात कही गई है। साथ ही उन्होंने 35 गांव में नहर निकासी (चंबल नहर सूक्ष्म परियोजना) को भ्रष्टाचार की जननी बताते हुए कहा कि इस परियोजना में जो करोड़ों रुपया किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए मिला था वह एक ऐसी कंपनी को दे दिया जिसने अफसर और नेताओं के साथ मिलकर पैसे के बंदर बाट कर ली। किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच सका है इसको लेकर मैं कई बार विधानसभा में प्रश्न लगा चुका हूं लेकिन सरकार भ्रष्टाचार के मामले में गंभीर नहीं है। इस मामले को लेकर शीघ्र ही किसानों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



नगर सरकार के खिलाफ धरना पर बैठे नगरवासी

उधर कांग्रेस नेता महावीर सिंह गोड़ के नेतृत्व में नगरवासियो ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धरना देते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौपा जिसमें उल्लेख किया गया है कि वर्तमान नगर परिषद द्वारा विगत 04 वर्षों से लेकर अभी तक लगभग 10 करोड़ रुपये से ऊपर घोटाले किये गये हैं। नगर परिषद द्वारा ताानाशाही के अंतर्गत गरीब महिलाओं को संबल योजना के अंतर्गत मिलने वाली दो लाख रुपये की राशि मांगने पर 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली मात्र प्रणाम योजना की राशि नही मिल रही है। ट्रेंचिंग ग्राउंड उपलब्ध होने के बाद भी कचरा प्रेमपुरा नहर के किनारे फेंका जा है, जिससे वहाँ बस्ती के लोग प्रदूषण, दुर्गंध और बीमारियों से प्रभावित हो रहे है। वार्ड क्र 14 में सड़क नहीं होने से लोगों को कीचड़ में होकर निकलना पड़ रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीणों संग पहुंचे कलेक्टर से मिलने

वन विभाग की जमीन से बेदखल किए जा रहे ग्रामीणों ने सुनाई पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वन्य परिक्षेत्र में आ जाने के कारण बगदिया गांव में जमीन को लेकर ग्रामीणों और वन विभाग में संघर्ष की स्थिति निर्मित होती जा रही है। इस विवाद को लेकर आए दिन वन कर्मी ग्रामीणों को जमीन खाली करवाने के लिए पहुंच जाते हैं उधर ग्रामीण जमीन को छोड़ने के बजाय लड़ने को आमादा हो रहे हैं। ऐसी विषम स्थिति निर्मित न हो इसलिए बीच का रास्ता निकालने के उद्देश्य से भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर शीला दाहिमा से चर्चा की और सीमांकन कर ग्रामीणों को राजस्व जमीन में बसाने की मांग की।

गुरूवार को भाजपा कार्यालय पर ग्राम बगदिया से आए ग्रामीणो जिसमें बंजारा समाज के लोगो की संख्या अधिक थी ने भाजपा जिला अध्यक्ष को बताया कि वे पशुपालक किसान हैं और जंगल में रहकर अपने पशु पालने का व्यवसाय 100—200 सालों से पुस्त दर पुस्त लगातार करते आ रहे हैं। यही उनकी आजीविका का साधन भी है पर विगत कुछ दिनों से वन विभाग के लोग हमें अपने स्थान से बेदखल कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर हमें अपने ठिकानो से हटाया गया तो हम कहां रहेंगे। समस्या सुनने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर शीला दाहिमा से चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि जगह का सीमांकन कराया जाए कि वह जगह वन विभाग की है या फिर राजस्व विभाग की। अगर जमीन राजस्व की है तो ग्रामीणों को बेदखल न किया जाए और अगर जमीन वन विभाग की है तो विकल्प के रूप में इन्हें दूसरी जगह बसाने का प्रबंध किया जाए।



आज भोपाल रवाना होंगी महिलाएं कल करेंगी विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत 10 अक्टूबर को भोपाल में विशाल प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव करेंगी इसके लिए श्योपुर जिले से भी बड़ी संख्या में महिलाएं भोपाल पहुंच रही हैं। समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि 9 अक्टूबर की रात महिलाएं श्योपुर और विजयपुर से अलग-अलग बसों में सवार होकर भोपाल पहुंचेंगी जहां विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

समूह संघ की जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओम प्रकाश बघेल के निर्देश पर 10 अक्टूबर को उनके नेतृत्व में प्रदेश से 8 लाख महिलाएं भोपाल की राजधानी में एकत्रित होगी जो विधानसभा की का घेराव कर अपने मांगे रखेंगी। उनका कहना है कि स्कूलों और आंगनबाड़ियों में भोजन नाश्ता पकाने खिलाने वाले समूहों को कई महीनो से राशि नहीं दी गई है महिला समूह उधार लेकर कर्जदार हो गई है। रसोईया को भी हर माह राशि नहीं दी जा रही है जिससे उनके घर भूखे मरने जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। सरकार को कई बार ज्ञापन प्रदर्शन दिए जा चुके हैं स्थानीय स्तर पर हड़ताल भी की गई थी लेकिन सरकार की ओर से इस समस्या पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जिसके चलते पूरे प्रदेश की महिला भोपाल में एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे

कालिदास समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, मिला पुरस्कार

समारोह में भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा, साहित्य व कला की समृद्ध परंपरा की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में कालिदास समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रांकन, श्लोक पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा, साहित्य एवं कला की समृद्ध परंपरा की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक विपिन बिहारी शर्मा तथा अध्यक्षता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर के प्राचार्य जेपी जाटव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने कालिदास जी के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान को स्मरण किया।

समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए राजेंद्र सिंह तोमर को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के लिए रुकमाल मीणा, का सम्मान किया गया। इसके साथ ही पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर विशाल शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस सम्मान के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के योगदान को प्रोत्साहित किया गया। समारोह में संस्कृत भारती द्वारा लगाई गई 'ज्ञान गंगा' संस्कृत प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में संस्कृत भाषा, भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य एवं संस्कृति से संबंधित विभिन्न विषयों को आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक तरीके से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर संस्कृत एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। सत्यनारायण शिवहरे ने प्रदर्शनी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके उद्देश्य एवं विभिन्न विषयों से उपस्थितजनों को अवगत कराया। वहीं जिला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रभारी भुवनेश्वर ने कालिदास समारोह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं कला से जोड़ने के साथ उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कार्यक्रम में जिला मंत्री नवल राठौर एवं अभिषेक मीणा कलोनी द्वारा वस्तु प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में विभिन्न उपयोगी एवं सांस्कृतिक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया, जिसे कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने रुचि के साथ देखा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल गौहेड़ा के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' नृत्य-नाटक रहा। विद्यार्थियों ने नृत्य, अभिनय एवं संवादों के सुंदर समन्वय के साथ कालिदास की प्रसिद्ध रचना को मंच पर जीवंत कर दिया। शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



प्रतियोगिता के दौरान इन विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार

समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों की संस्कृत भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से श्लोक पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दोनों स्तरों पर किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ श्लोकों का पाठ प्रस्तुत किया। वरिष्ठ स्तर पर प्रथम स्थान पूर्ति धाकड़, द्वितीय स्थान बरसाना गुर्जर एवं तृतीय स्थान वर्षा मीणा ने प्राप्त किया। वहीं कनिष्ठ स्तर पर प्रथम स्थान शिवम गोयल, द्वितीय स्थान हर्षिता मीणा एवं तृतीय स्थान आकांक्षा जाटव ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता के दौरान भी विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों पर सुंदर चित्र बनाए। वरिष्ठ स्तर पर प्रथम स्थान विद्या आदिवासी, द्वितीय स्थान हेमंत कुशवाह एवं तृतीय स्थान फरीन ने प्राप्त किया। वहीं कनिष्ठ स्तर पर प्रथम स्थान प्रियंका बैरवा, द्वितीय स्थान हीना कुशवाह एवं तृतीय स्थान मंचिता गुर्जर रहीं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को सभी ने सराहा।

संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में श्योपुर के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्वालियर में आयोजित संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय, श्योपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने डॉ. दीक्षा साहू के मार्गदर्शन में विभिन्न विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें चार विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटिका एवं सुगम संगीत में प्रमाण पत्र हासिल किये गये। कनिष्ठ वर्ग की नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में वेदिका शर्मा, कनक शर्मा एवं प्रांशी बैरवा द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। वहीं सुगम संगीत प्रतियोगिता में प्रगति बैरवा ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को निर्णायकों एवं उपस्थित दर्शकों ने सराहा। श्योपुर जिले के विद्यार्थियों ने पहली बार संभाग स्तर पर तीन प्रथम श्रेणी के प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफियां हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों की सफलता में मार्गदर्शक शिक्षिका डॉ. दीक्षा साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, मंचीय प्रस्तुति और आत्मविश्वास के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर संभाग स्तर पर अपनी पहचान बनाई। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार खंडेलवाल ने विजेता विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षिका को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के अवसर मिलना जरूरी है।



विजयपुर थाना पुलिस ने कराया पीएम,मामले की जांच के लिए गुजरात के बडौदरा भेजी जाएगी मर्गडायरी

बड़ौदरा में आइसक्रीम खाने से बिगड़ी चाचा भतीजे की तबीयत, विजयपुर लौटते समय रास्ते में चाचा की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुजरात के बडौदरा जिले में रहकर मजदूरी कर रहे विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धामिनी निवासी एक चाचा भतीजे की आईसक्रीम खाने के दौरान ऐसी तबीयत बिगडी कि उन्हें बडौदरा के अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भी आराम नहीं मिला। जिसके बाद यह दोनो चाचा भतीजे अपने गांव आने के लिए रवाना हो गए। लेकिन विजयपुर आते आते चाचा की रास्ते में मौत हो गई। जिसका पता परिवारजनों को विजयपुर अस्पताल में कराए गए चैकअप के दौरान चला। इस मामले की सूचना मिलने पर विजयपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पीएम कराकर शून्य पर मर्ग दर्ज कर लिया है। लेकिन घटनास्थल गुजराज का बडौदरा जिला होने के कारण विजयपुर थाना पुलिस इस केस की मर्ग डायरी को बडौदरा के लिए भेजेगी।

पुलिस के मुताबिक विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धामिनी निवासी शैलेन्द्र 26 वर्ष पुत्र रामचरण धाकड अपनी पत्नी छाया धाकड तथा भतीजे रूपा धाकड 16 वर्ष के साथ मजदूरी करने के लिए गुजरात के बडौदरा जिले के नबाबपुरा थाना क्षेत्र स्थित गाजरबाडी सब्जी चैखडी में किराए से कमरा लेकर रह रहा था। परिजनों की माने तो 4 अक्टूबर की रात को शैलेन्द्र धाकड और रूपा धाकड ने परिवार के लोगो के साथ खाना खाने के बाद आईसक्रीम भी खा ली थी। आईसक्रीम खाने के तुरंत बाद शैलेन्द्र और रूपा धाकड को उल्टियां होना शुरू हो गई। तबीयत ज्यादा खराब होने पर पत्नी ने मकान मालिक के सहयोग से दोनो को नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। मगर बडौदरा के अस्पताल में रातभर भर्ती रहने के बाद भी दोनो को आराम नहीं मिला। जिसके बाद शैलेन्द्र और रूपा



भतीजे की स्थिति गंभीर

गुजरात के बडौदरा से विजयपुर आते आते दोनों चाचा भतीजे की तबीयत और ज्यादा गंभीर हो गई। जब परिजन दोनो चाचा भतीजे को विजयपुर के अस्पताल में लेकर पहुंचे तो वहां शैलेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि भतीजे रूपा की स्थिति को देखते हुए उसे रैफर कर दिया गया। परिजनों के द्वारा शैलेन्द्र की मौत पर संदेह व्यक्त करते हुए विजयपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद विजयपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंच गई और मृतक का पीएम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया और मर्ग भी दर्ज कर लिया।

विजयपुर पुलिस गुजरात भेजेगी मर्ग डायरी

विजयपुर आते समय शैलेन्द्र धाकड की रास्ते में मौत हो जाने पर परिवार के लोगो ने मौत पर संदेह व्यक्त करने पर भलेही विजयपुर थाना पुलिस ने पीएम कराकर मर्ग दर्ज कर लिया हो, लेकिन विजयपुर थाना पुलिस शैलेन्द्र के मौत के कारणों की जांच नहीं करेगी। विजयपुर थाना पुलिस का कहना है कि मृतक के द्वारा आईसक्रीम गुजरात के बडौदरा जिले में खाने के बाद बिगडी थी। इसलिए घटना का स्थल गुजरात का बडौदरा जिला रहा है, यही कारण है कि विजयपुर थाना पुलिस ने शून्य पर दर्ज की गई इस मामले की मर्ग डायरी को जांच के लिए गुजरात के बडौदरा जिले की पुलिस को भेजेगी और वहां की पुलिस ही इस मामले की जांच करेगी।

इधर महिला पर जानलेवा हमला,ग्वालियर रेफर

विजयपुर कस्बे के वार्ड क्रमांक 5 में रहने वाली एक महिला पर रात्रि के दौरान उस समय जानलेवा हमला हो गया,जब महिला रात में अपने घर के बाहर बने बरामदे में सो रही थी। महिला को गंभीर हालत में विजयपुर अस्पताल से ग्वालियर के लिए भेज गया है। पुलिस के मुताबिक महिला रीना कुशवाह पत्नी मोहर सिंह कुशवाह बुधवार की रात को जब अपने घर के बाहर बने बरामदे में सो रही थी,तभी रात्रि के दौरान उस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानलेवा हमला कर लिया। जिसका पता परिवार के लोगो को रात साढे 11 बजे तब चला,जब रात को घर लौटे मोहर सिंह कुशवाह ने अपनी पत्नी को खून से लथपथ होकर अचेत अवस्था में घर के बरामदे रीना को पडी देखा। जिसके बाद परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया है। इस मामले में रीना कुशवाह के बेटे सौरभ कुशवाह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

भेजेंगे मर्ग डायरी

परिजनो की शिकायत पर हमने पीएम कराकर शून्य पर मर्ग दर्ज कर लिया है। लेकिन घटनास्थल का स्थल गुजरात का बडौदरा जिला रहा है, इसलिए मर्ग डायरी को जांच के लिए बडौदरा पुलिस की ओर भेजा जाएगा।जबकि महिला पर जानलेवा हमला करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

यास्मीन खान
टीआई, विजयपुर

श्योपुर जिले या फिर ग्वालियर व कोटा में अपना इलाज कराने के लिए 6 अक्टूबर को बडौदरा से परिवार के साथ विजयपुर आने के लिए रवाना हो गए।

यातायात नियमों का पालन करेंगे तो खुद के साथ दूसरे लोग भी रहेंगे सुरक्षित:राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सड़क पर चलते समय हमें सतर्क रहना चाहिए। सडक पर चलने के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन को भी खतरा बन सकता है। इसलिए सडक पर पैदल चलने या फिर वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पालन खुद भी करे और इसके लिए घर परिवार के लोगो को भी प्रेरित करें। इस तरह की समझाइस गुरूवार को यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने श्योपुर के जवाहर नवोदय स्कूल में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को यातायात नियमो का पाठ पढाते हुए दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य केके कटियार भी विशेष रूप से मौजूद थे।

यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने स्कूली बच्चों को मोटर व्हीकल एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि यातायात नियमो का पालन करने से हम तो खुद सुरक्षित होगे ही सही, साथही दूसरे लोग भी सुरक्षित रहेगे। उन्होने विद्यार्थियों को यातायात नियमो के साथही राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना, पीएम राहत कैशलेस उपचार योजना के सबंध में भी जानकारी प्रदान की। वहीं प्रशासनिक सेवा में जाने के लिए होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने के लिए जरूरी टिप्स भी दिए। उन्होने कहा कि सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत होती है। स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई का जो समय है, वो बहुत महत्वपूर्ण है। उसे बर्बाद नहीं जाने दें। यह फिर कभी लौटकर नहीं आएगा। पढ़ाई के लिए घंटे नहीं, बल्कि लक्ष्य तय करें।



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शिविर का आयोजन कल

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर 2026 को जिला चिकित्सालय श्योपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 03 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला चिकित्सालय श्योपुर के सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान, स्क्रीनिंग, परामर्श, जांच एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना है। चिकित्सकीय परामर्श के दौरान निःशुल्क रूप से दवाएं भी उपलब्ध कराई जायेगी।

आज 687 मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर

श्योपुर। मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए गत 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक लगाये जा रहे है। इसी क्रम में 09 अक्टूबर को भी जिले के सभी 687 मतदान केन्द्रों पर शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा मतदाताओं के नाम जोडने के लिए फार्म-6 भरने की प्रक्रिया की जायेगी।

खबर संक्षेप

अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला है, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार बुधवार को सेवा संकल्प अभियान 2026 के अन्तर्गत स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुक्ति परमार एडवोकेट एवं महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. गरिमा राठौर की अध्यक्षता, व नोडल अधिकारी बहादुरसिंह, डावर के मार्गदर्शन में उपरोक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुक्ति परमार एडवोकेट के द्वारा महिलाओं स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता जागरूकता पर अपना उद्धबोधन दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. जयदीप पाराशर, डॉ. अनिलसिंह तोमर, रिचर्ड डिंडोर, सुरभि नामदेव बलवीरसिंह जाटव, अरविन्द जोशी,पवन लोधी एवं अभिषेक बाल्मीकि तथा विद्यार्थीगण ने भाग लिया।

अवैध डीएपी मिलने पर महिला पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत 4 अक्टूबर को राजोबाई पत्नि फूल सिंह आदिवासी निवासी ग्राम बरबाह के निमार्णाधीन मकान में डीएपी खाद की 52 बोरियां का अवैध रूप से भण्डारण किया गया था। जिस पर से पुलिस ने महिला पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

एक कार ने दूसरी कार में टक्कर मारी

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम जतौली निवासी अनुर्ज सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मां कान्वेंट स्कूल के पास एक सफेद रंग की कार जिसका नंबर एमपी04 जेडके 9508 है के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी कार में टक्कर मार दी। जिस पर से पुलिस ने आरोपी कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

बाइक से 85 वर्षीय महिला नीचे गिरी उपचार के दौरान मौत

अशोकनगर। जिले के सिलावन चारौदा गांव के समीप एक 85 वर्षीय महिला भजन बाई कोरी निवासी यादव कॉलोनी अशोकनगर की बाईक से नीचे गिरने से मौत हो गई। महिला कार्यक्रमों में पूरी बनाने का काम करती थी, वह काम के बाद बाईक से अपने घर वापिस लौट रही थी, तभी अचानक बाईक से नीचे गिर गई जिससे उसके सिर में चोटे आईं थी। महिला को पहले शाढ़ौरा अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, वहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी अरबिंद समाधिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनुराग यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजा कॉलोनी निवासी सुनील अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीलीघटा निवासी सतेन्द्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और उसका कान काट लिया। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी अमन बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द अहिरवार व उसके भाई ने उससे मारपीट की बाईक में तोड़ फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी।

जानबूझकर हाईरिस्क गर्भवती बन रहीं महिलाएं, अकेले बहादुरपुर में एक दर्जन केस

बेटे की उम्मीद में जान दांव पर लगा रहीं महिलाएं, परिवार नियोजन से भी दूरी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीते 2 अक्टूबर को चंदेरी ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला जिला अस्पताल अशोकनगर में प्रसवोपरांत दूसरी संतान के रूप में भी बेटी के जन्म लेने पर सामाजिक दबाव के आगे विचलित हो गई और बेटी का गला घोंट दिया। इस सनसनीखेज मामले के बाद 'पुत्रमोह' की कुरीति के संबंध में जब आसपास नजर दौड़ाई गई तो सामने आया कि छोटे से कस्बे बहादुरपुर में ही कम से कम एक दर्जन ऐसे प्रकरण हैं, जहां एक के बाद एक बेटियों के जन्म लेने पर भी बेटे की उम्मीद नहीं टूटी है और महिलाएं 45 से अधिक की उम्र में भी हाईरिस्क गर्भवती बनकर जान को दांव पर लगा रही हैं।

बहादुरपुर जैसे छोटे से कस्बे में आशा कार्यकर्ताओं ने ऐसी 12 महिलाओं को चिन्हित किया है जिनके घर में 3 से लेकर 9 तक बेटियां ही बेटियां हैं, फिर भी परिवार नियोजन अपनाने के बजाय बेटे की आस में लगातार परिवार बढ़ाया जा रहा है। इन महिलाओं में 6 की 3-3 बेटियां, 3 महिलाओं की 4-4 एवं 4 महिलाओं की इनसे अधिक बेटियां हैं।



ग्रामीण क्षेत्र में हालत और भी बुरी

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने वालीं नर्सिंग ऑफीसर गायत्री देशमुख ने बताया कि प्रतिमाह कम से कम 15 से 20 महिलाएं इसी तरह की आती हैं, जिन्हे हाईरिस्क में रखा गया है। उन्होंने बताया कि कई महिलाओं के तो 10-10 प्रसव हो चुके हैं। मेडिकल ऑफीसर डॉ यषवंत सिंह तोमर का कहना है कि इतनी बार प्रसव से महिला का शरीर अंदर से पूरी तरह कमजोर हो जाता है। खून की कमी, बच्चेदानी फटने का खतरा और डिलीवरी के समय अत्यधिक रक्तस्राव से मौत का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

परिवार नियोजन के लिए तैयार ही नहीं

आशा कार्यकर्ताओं के मुताबिक इन सभी महिलाओं को कई बार समझाया गया, काउंसलिंग की गई, लेकिन जवाब एक ही मिलता है 'इस बार बेटा हो जाएगा।' आषा कार्यकर्ता सावित्री अहिरवार एवं शांति वशिष्ठ ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में ग्रामीण महिलाएं भी परिवार नियोजन की दिशा में सकारात्मक हुई हैं लेकिन उनमें सौ फीसदी संख्या उन महिलाओं की है, जिनकी दो संतानों में या तो बेटा-बेटी हुए या फिर दोनों बेटे हुए। ऐसी दर्जनों महिलाएं हैं, जिन्होंने दो-दो बेटियां होने के बाद परिवार नियोजन नहीं अपनाया गया।

मतदाता परिचय पत्र बनवाने पीजी कॉलेज में विशेष कैंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवीन मतदाताओं के मतदाता परिचय पत्र बनवाने के लिए शासन के निर्देशानुसार और प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन आनलाइन रजिस्ट्रेशन कर परिचय पत्र बनाए जा रहे हैं।

नोडल अधिकारी मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि विद्यार्थी अपनी पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, 10 वीं की मार्कशीट, मां या पिता किसी एक के मतदाता परिचय पत्र की फोटोकॉपी, मोबाइल जो आधार से रजिस्टर्ड हो लेकर महाविद्यालय में विशेष कैम्प में आकर अपना परिचय पत्र बनवाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि अपने अपने मतदाता परिचय पत्र बनवाएं और मतदान में सहभागिता कर देश को आगे बढ़ाने में सहायक बनें।

महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास सोसायटी के अन्तर्गत शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में नशा मुक्त युवा फोर विकसित भारत संकल्प अभियान में स्टाफ एवं विद्यार्थियों को मद्य निषेध अधिकारी मोहम्मद रफीक शेख द्वारा शपथ दिलाई गई।

ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ करेगा देश व्यापी आंदोलन

देश के ड्राइवर की मांगों को लेकर जूम बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ का एक दिवसीय देशव्यापी आंदोलन 19 नवम्बर को भारत की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में रखा गया है। जिसे लेकर एक जूम बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में देशभर के महासंघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री हरिसिंह रघुवंशी (हैरी) द्वारा बताया गया कि आदौलन की तैयारी के संबंध में अखिल भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ की जूम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 18 प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बहुत सहा है, अब न सहेंगे, चालक परिचालक कल्याण बोर्ड लेकर रहेंगे। देश में परिवहन क्षेत्र में ज्वलनशील समस्याओं को लेकर एवं कुम्भकरण की नींद सोई हुई सरकार को जगाने तथा चुनाव के समय किये हुए वादे व घोषणाओं को पूर्ण कराने के लिए अखिल



भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ द्वारा महा आंदोलन किया जा रहा। जो सरकारे हमें चुनाव के समय पर याद करती है और चुनाव के उपरांत भूल जाती हैं। जिसके चलते चालकों में बहुत रोश व्याप्त है, शासन प्रशासन में चालक बंधुओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है और उनका शोषण लगातार हो रहा है।

देश के ड्राइवर की मांगों और समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ द्वारा आखिल भारतीय जूम बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा द्वारा की गई। बैठक का संचालन अखिल भारतीय महामंत्री रबिशंकर अल्लूरी द्वारा किया गया बैठक दौरान मार्गदर्शन जिनका प्राप्त हुआ प्राइवेट सेक्टर के अखिल भारतीय प्रभारी बी.आर बछायनी एवं अखिल भारतीय उपाध्यक्ष गीता सोनी अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा अखिल भारतीय मंत्री युगराज राणावत अखिल भारतीय कार्यालय मंत्री नवीन शर्मा आदि का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक दौरान अतिथियों द्वारा सभी प्रदेशों से अधिक से अधिक संख्या में 19 नवंबर को जंतर मंतर दिल्ली पहुंचने की अपील की गई।

जिले में सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप जारी

अशोकनगर। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन और जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप आज 07 अक्टूबर 2026 से जनपद पंचायत स्तर पर भर्ती कैंप लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी बी. एस. मीणा ने बताया अगला कैंप 08 अक्टूबर 2026 को आजीविका भवन शाढोरा तथा 09 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक जनपद पंचायत आजीविका भवन अशोक नगर में अयोजन किया जावेगा। शिविर में चयनित युवाओं को जयपुर में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, इंदौर, उज्जैन, गुना, आगर मालवा, राजगढ़ ,खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, भोपाल एम्स, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि। 15000 से 25000 की सैलरी पर रखा जाएगा।

सीएमओ के खिलाफ 19 पार्षद लामबंद, तीन दिन का अल्टीमेटम

परिषद की अनदेखी का आरोप, मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो निंदा प्रस्ताव लाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर पालिका परिषद चंदेरी में निर्वाचित परिषद और प्रशासन के बीच मतभेद अब खुलकर सामने आने लगे हैं। परिषद के 19 पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए परिषद के निर्णयों की कथित अनदेखी का आरोप लगाया है। पार्षदों ने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि इस अवधि में संबंधित मुद्दों पर कार्रवाई नहीं हुई तो परिषद की बैठक में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा।

पार्षदों का मुख्य आरोप हड़ताली कर्मचारियों के मामले को लेकर है। उनका कहना है कि प्रशासन इस मुद्दे पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके अलावा 10 दिसंबर 2025 को हुई परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन को लेकर भी पार्षदों ने सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार बैठक में निर्णय लिए जाने के बावजूद कई मामलों में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षदों



ने इसे परिषद के अधिकार और निर्णय प्रक्रिया की अनदेखी बताते हुए नाराजगी जताई है। 19 पार्षदों के एक साथ सामने आने से नगर पालिका का राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। हालांकि, पूरे मामले में प्रशासन का पक्ष सामने आना बाकी है।

तीन दिन में समाधान की मांग

पार्षदों ने स्पष्ट किया है कि वे तीन दिन तक प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार करेंगे। निर्धारित अवधि में यदि हड़ताली कर्मचारियों से जुड़े मामले और परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो निंदा प्रस्ताव की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। अब मामला प्रशासन के अगले कदम पर टिक गया है। एक ओर पार्षद परिषद के निर्णयों के पालन को लेकर दबाव बना रहे हैं, वहीं प्रशासन के सामने इस विवाद को बातचीत और कार्रवाई के जरिए सुलझाने की चुनौती है। यदि समयसीमा के भीतर समाधान नहीं निकला तो परिषद की आगामी बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठना तय माना जा रहा है। यह है मामला चंदेरी नगर पालिका में जब से प्रदीप शर्मा पदस्थ हैं उसके बाद से लगभग पांच बार कर्मचारियों की हड़ताल हो चुकी है हर बार मुद्दा कर्मचारियों को हटाने एवं वेतन कर रहा है विगत वर्ष में भी एक बहुत लंबी चली हड़ताल के बाद 23 नवंबर 2025 को समझौता भी हुआ था लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला है।

सेवा ज्योति यात्रा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय अषोकनगर के विमानों के चबूतरा पछाड़ीखेड़ा में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कार्य किया गया।

प्रधानमंत्री के वुर्चअल संबोधन का हुआ लाईव प्रसारण

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम डॉ. केपी यादव द्वारा उपस्थित जनों को

तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सेवा ज्योति रथ रवाना किए गए





विकसित भारत द्वारा 2047 का संकल्प दिलाया गया। भारत संकल्प सभा कार्यक्रम में पूर्व सांसद तथा नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ केपी यादव, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी, गजराम सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव,प्रदेश महामंत्री भाजपा पिछडा. वर्ग मोर्चा रविन्द्र लोधी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर अशोकनगर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए सेवा ज्योति यात्रा रथों को रवाना किया गया।

सेवा ज्योति रथ तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना

सेवा ज्योति रथ तीनों विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रों में जनक्षेत्र, सहभागिता और विकसित भारत के संकल्प का संदेश पहुंचाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्-एवं समापन अवसर पर राष्ट्रगान जन-गण-गन का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह आदि रहे मौजूद।



गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ताओं ने कोलुआ रोड़ पर जाम लगाया

अशोकनगर। जिले में घरेलु गैस सिलेण्डर समय पर न मिलने के कारण उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, गैस एजेंसियों पर शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके बाद उपभोक्ताओं ने सड़क पर जाम लगाया, और गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की मांग की जिसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया गया। यह जाम बाबा गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर मैन रोड़ पर लगाया गया था, उपभोक्ताओं का कहना है कि न तो उन्हें यह बताया जा रहा है कि उन्हे गैस सिलेण्डर कब मिलेगा, जिन उपभोक्ताओं द्वारा बुकिंग की गई है उन्हें पहले सिलेण्डर न देकर अन्य लोगों को सिलेण्डर प्रदान किए जा रहे हैं। वह गैस एजेंसी के चक्कर लगाते लगाते परेशान हैं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण मजबूरी में उन्हें जाम लगाने पर विवश होना पड़ा।

पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश

वन्यजीवन विकास थीम पर छात्राओं ने बिखेरे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अशोकनगर, सामान्य वन मंडल अशोकनगर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह आयोजन उपवनमंडल अधिकारी अशोकनगर नरेन्द्र कुमार चौहान एवं वन परिक्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सरबैया के कुशल मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जगाई जागरूकता

इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह की मुख्य



थीम जुड़े आवास- वन्यजीव का विकास (हमें भी जीने का हक है) रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने बताया कि पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों को बचाना बेहद जरूरी है। विद्यालयों में ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शुरुआत से ही प्रकृति और जीवों के प्रति दया, संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना विकसित करना है।

छात्राओं ने दिखाया हुनर और ज्ञान

चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से कैनवास पर मोर, बाघ, हिरण, घने जंगलों और प्राकृतिक दृश्यों के सुंदर चित्र बनाकर हमें भी जीने का हक है का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्राओं ने वन्यजीवों, उनके आवास और वन संरक्षण से जुड़े प्रश्नों के उत्साहपूर्वक उत्तर देकर अपने ज्ञान का परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंत में वन विभाग के अधिकारियों एवं विद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और कलाकृतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग का अमला, विद्यालय का शिक्षण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

भारतीय जैन मिलन की बैठक में देशभर से 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन की इस सत्र में द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सवाई माधोपुर में आयोजित की गई। राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन ने मीटिंग की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश,हरियाणा, उत्तराखंड मध्यप्रदेश दिल्ली एनसीआर राजस्थान सहित पूरे देश से 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सुरेश जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए जैन समाज की एकता पर बल दिया। उन्होंने आव्हान किया कि हम सब जैन है, हम सब एक हैं,समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर जनहित के कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने सभी जैन बंधुओ से राष्ट्रीय जनगणना में धर्म के कालम में जैन , जाति के कालम में जैन का उल्लेख करने का आव्हान किया जिसे सदन ने संकल्प के साथ पारित किया।

राष्ट्रीय महामंत्री प्रशासन वीर अजय जैन सहारनपुर ने इस वर्ष में सम्पूर्ण देश की शाखाओं ने किये गये कार्यों की रिपोर्ट सदन में रखी तथा आगामी कार्यक्रम



पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन अशोकनगर ने श्रुत पंचमी पर हुए णमोकार महामंत्र प्रतियोगिता के पुरूस्कार ड्रा द्वारा निकलवाए एवं गत बैठक की कार्यवाही का वाचन किया जिसकी सदन द्वारा ध्वनि मत से पुष्टि की गई। इस बैठक में भारतीय जैन मिलन के वर्ष 2025-26 का आय व्यय राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन द्वारा प्रस्तुत किया जिसे पास किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक विजय जैन गुना, नरेश जैन देहरादून, सुरेन्द्र जैन सहादरा दिल्ली,महेन्द्र जैन एडवोकेट ग्वालियर,कमलेन्द्र जैन सागर, राजेश जैन ग्वालियर, संजय जैन दिल्ली राष्ट्रीय निर्वाचित पदाधिकारियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रकाश जैन ने राजस्थान में भारतीय जैन मिलन द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। भारतीय जैन मिलन सवाई माधोपुर शाखा के जिला अध्यक्ष वीर विनोद जैन ने सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी का स्वागत किया। बैठक से पूर्व स्वच्छ भारत अभियान को लेकर भारतीय जैन मिलन की ओर से रणथंभौर रोड पर रैली निकाली गई।